''विश्व स्वच्छता दिवस '' कार्यक्रम
द्वारा नगर पालिक निगम भोपाल

उपरोक्त विषयांतर्गत दिनांक 21/09/2019 को ''विश्व स्वच्छता दिवस '' के दिन राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150वी जन्मतिथि के अवसर पर श्रद्वांजलि के रूप में सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय भोपाल द्वारा स्वच्छता की शपथ ग्रहण की गई। एक दिन दिन पहले शपथ ग्रहण की गई । शपथ के साथ विद्यालय के छात्र– छात्राओं को शपथ पत्र वितरित किए गए। जिसमें छात्र दूसरे दिन अपने पालक से हस्ताक्षर करवाकर लाएंगे एवं भोपाल शहर को स्वच्छ बनाने में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाएंगे।

विषयांतर्गत आयुक्त नगर निगम भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन के अंतर्गत जनजागरूकता हेतु विद्यालय एवं उसके आस –पास के परिसर में शिक्षक एवं छात्र – छात्राओं द्वारा विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली को विद्यालय के उप–प्राचार्य सम्मानीय ब्रदर बाला जोसफ महोदय जी ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया । साथ ही स्वच्छता हेतु अन्य गतिविधियों को भी आयोजित किया गया।

रैली का शीर्षक :–

''हमने यह ठाना है, भोपाल को स्वच्छ बनाना है,
समान को रखो साफ करना भविष्य नहीं होगा माफ।।''

ऐसे नारों के साथ विद्यालय के स्काउट गाइड के समस्त शिक्षक –शिक्षिकाओं एवं छात्र –छात्राओं ने भी बढ़–चढ़ कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।
प्राचाय ब्रदर मोनाचन के.के. द्वारा स्वच्छता हेतु प्रेरित वचनों के साथ कार्यक्रम सफल व सम्पन्न हुआ।